# वाक्य-परिवर्तन

## वाक्य-परिवर्तन

किसी वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्य में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को वाक्य परिवर्तन कहते हैं।

### (क) सरल या साधारण वाक्य से मिश्र वाक्य में परिवर्तन

| साधारण वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| (i) अच्छे लड़के मेहनती होते हैं। | जो लड़के मेहनती होते हैं, वे अच्छे होते हैं। |
| (ii) छतरी वाले आदमी को बुलाओ। | उस आदमी को बुलाओ जिसके पास छतरी है। |
| (iii) वह कपड़े खरीदने के लिए बाज़ार गया। | उसे कपड़े खरीदने थे इसलिए बाज़ार गया। |
| (iv) प्रधानाचार्य के आते ही प्रार्थना शुरू हुई। | जैसे ही प्रधानाचार्य आए वैसे ही प्रार्थना शुरू हुई। |
| (v) स्वस्थ रहने के लिए तुम्हें दूध पीना चाहिए। | यदि स्वस्थ रहना है तो तुम्हें दूध पीना चाहिए। |
| (vi) मनु ने अलौकिक दृश्य देखा। | मनु ने एक दृश्य देखा, जो अलौकिक था। |
| (vii) माँ के जाते ही बालक रोने लगा। | जब माँ गई तो बालक रोने लगा। |
| (viii) शाम होते ही वह चली गई। | जैसे ही शाम हुई, वह चली गई। |
| (ix) मैंने एक दुबला-पतला आदमी देखा। | मैंने एक व्यक्ति देखा, जो दुबला-पतला था। |
| (x) सरस कवि का सब आदर करते हैं। | जो कवि सरस होता है, उसका सब आदर करते हैं। |

### (ख) सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य में परिवर्तन

| सरल वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| (i) आप खाकर आराम करें। | आप खाना खाएँ और आराम करें। |
| (ii) सूर्यास्त होने पर अंधकार छा गया। | सूर्यास्त हुआ और अंधकार छा गया। |
| (iii) वह भोजन करके विद्यालय जाता है। | वह भोजन करता है और विद्यालय जाता है। |
| (iv) बादल घिरकर भी न बरसे। | बादल घिरे परंतु वर्षा न हुई। |
| (v) वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया। | वह बाज़ार गया और उसने फल खरीदे। |
| (vi) रोहन कक्षा में रहकर भी नहीं पढ़ा। | रोहन कक्षा में रहा पर पढ़ा नहीं। |
| (vii) रोहन बीमार होने के कारण घूमने नहीं गया। | रोहन बीमार था इसलिए वह घूमने नहीं गया। |
| (viii) निर्धन को लूटने के अलावा उसने उसकी हत्या कर दी। | उसने न केवल निर्धन को लूटा अपितु उसकी हत्या भी कर दी। |
| (ix) कठोर बनकर भी सहृदय रहो। | कठोर बनो परंतु सहृदय रहो। |
| (x) निर्धन होने पर भी वह ईमानदार है। | वह निर्धन है, परंतु ईमानदार है। |

### (ग) मिश्रित वाक्य से संयुक्त वाक्य में परिवर्तन

| मिश्रित वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| (i) यदि आप घर आएँ तो आपसे बात हो। | आप घर आइए और बात कीजिए। |
| (ii) जब विद्यालय में पढ़ाई बंद हो गई, तब हम घर लौट आये। | विद्यालय में पढ़ाई बंद हो गई और हम घर लौट आये। |
| (iii) मेरे पिता जी वे हैं जो कुरसी पर बैठे हैं। | वे मेरे पिता जी हैं और कुरसी पर बैठे हैं। |
| (iv) जो तोता पिंजड़े में बंद है, वह फल खा रहा है। | तोता पिंजड़े में बंद है और फल खा रहा है। |
| (v) जब मंत्री का भाषण समाप्त हो गया तब वे घर आ गये। | मंत्री का भाषण समाप्त हो गया और वे घर आ गये। |
| (vi) मैंने जब उसे देखा तब वह हँसने लगा। | मैंने उसे देखा और वह हँस पड़ा। |
| (vii) जब वर्षा शुरू हुई, तब मोहन आ गया। | वर्षा शुरू हुई और मोहन आ गया। |
| (viii) जब मैं अकेला था, तब चार गुंडों ने मुझे पीटा। | मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा। |
| (ix) जैसे ही शेर दिखाई दिया, वैसे ही लोग डर गए। | शेर दिखाई दिया और लोग डर गए। |

## (घ) मिश्रित वाक्य से सरल वाक्य में परिवर्तन

| मिश्रित वाक्य | सरल वाक्य |
|---|---|
| (i) जब वर्षा होती है, मोर नाचने लगते हैं। | वर्षा होने पर मोर नाचने लगते हैं। |
| (ii) राम ने कहा कि वह निर्दोष है। | राम ने खुद को निर्दोष घोषित किया। |
| (iii) मुझे बताओ कि आपका जन्म कहाँ और कब हुआ था। | आप मुझे अपने जन्म का स्थान और समय बताओ। |
| (iv) जिनकी आय कम हैं, उन्हें मितव्ययी होना चाहिए। | कम आय वालों को मितव्ययी होना चाहिए। |
| (v) जब शिक्षक कक्षा में आए, तब उन्होंने पढ़ाना शुरू किया। | शिक्षक ने कक्षा में आकर पढ़ाना शुरू किया। |
| (vi) जब मुसीबत आए तो साहस बनाए रखना। | मुसीबत आने पर भी साहस बनाए रखना चाहिए। |
| (vii) जब मैं स्टेशन पर पहुँचा, गाड़ी जा चुकी थी। | मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले गाड़ी जा चुकी थी। |
| (viii) मेरा विचार है कि आज फ़िल्म देखने चलें। | मेरा विचार आज फ़िल्म देखने का है। |

## (ङ) संयुक्त वाक्य से मिश्रित वाक्य में परिवर्तन

| संयुक्त वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| (i) मैं अच्छा खेला, किंतु हार गया। | यद्यपि मैं अच्छा खेला, फिर भी हार गया। |
| (ii) पाठ समाप्त हुआ और घंटी बज गई। | जैसे ही पाठ समाप्त हुआ वैसे ही घंटी बज गई। |
| (iii) बिजली जाते ही टी०वी० बंद हो गई। | जैसे ही बिजली गई वैसे ही टी०वी० बंद हो गई। |
| (iv) वह मेहनती है, अत: वह पराजय स्वीकार नहीं करता। | वह ऐसा मेहनती है जो पराजय स्वीकार नहीं करता। |
| (v) वह परिश्रमी था और सफल हुआ। | वह परिश्रमी था इसलिए सफल हुआ। |
| (vi) राम ने कहानी सुनाई और करन रो पड़ा। | राम ने ऐसी कहानी सुनाई कि करन रो पड़ा। |
| (vii) सूरज निकला और चिड़िया चहचहाने लगी। | जब सूरज निकला तब चिड़िया चहचहाने लगी। |
| (viii) पुलिस ने चोर को देखा और उसे पकड़ लिया। | ज्यों ही पुलिस ने चोर को देखा, त्यों ही उसे पकड़ लिया। |
| (ix) परीक्षाएँ समाप्त हुईं और हम घूमने चले गए। | जैसे ही परीक्षाएँ समाप्त हुईं वैसे ही हम घूमने चले गए। |
| (x) घंटी बजी और छात्र बाहर आ गए। | जैसे ही घंटी बजी, वैसे ही छात्र बाहर आ गए। |
| (xi) गाँव में एक कुआँ था और उसके चारों ओर फूलों की क यारियाँ थीं। | गाँव में एक ऐसा कुआँ था जिसके चारों ओर क्यारियाँ थीं। |
| (xii) टीबी के मरीज ने दवा का पूरा कोर्स किया और स्वस्थ हो गया। | टीबी के जिस मरीज ने दवा का पूरा कोर्स किया था। वह स्वस्थ हो गया। |
| (xiii) सुमन ने कुछ कहा और मैं मान गया। | जब सुमन ने कुछ कहा तब मैं मान गया। |
| (xiv) वे निर्धन ज़रूर थे पर बहुत ही ईमानदार थे। | यद्यपि वे निर्धन थे तथापि बहुत ही ईमानदार थे। |
| (xv) वर्षा समाप्त हुई और पेड़-पौधे धुले-धुले से नज़र आने लगे। | जब वर्षा समाप्त हुई तब पेड़-पौधे धुले-धुले से नज़र आने लगे। |
| (xvi) मध्यांतर की घंटी बजी और छात्र अपने-अपने कमरे से बाहर आ गए। | जैसे ही मध्यांतर की घंटी बजी वैसे ही छात्र अपने-अपने कमरे से बाहर आ गए। |
| (xvii) वर्षा हो रही थी अत: कार्यक्रम में अधिक लोग नहीं आ सके। | चूँकि वर्षा हो रही थी इसलिए कार्यक्रम में अधिक लोग नहीं आ सके। |
| (xviii) आज शहरों में लोग बहुत धनवान हो गए हैं पर वे सुखी नहीं हैं। | यद्यपि आज शहरों में लोग बहुत धनवान हो गए हैं तथापि वे सुखी नहीं हैं। |
| (xix) सूरज का उदय हुआ और अँधेरे की फ़ौज भागने लगी। | जैसे ही सूरज का उदय हुआ, वैसे ही अँधेरे की फ़ौज भागने लगी। |

| | |
|---|---|
| (xx) बल्लेबाज ने ऊँचा शॉट मारा परंतु सीमा रेखा के पास कैच हो गया। | यद्यपि बल्लेबाज ने ऊँचा शॉट मारा तथापि सीमा रेखा के पास कैच हो गया। |
| (xxi) जोरदार धमाका हुआ और लोगों में भगदड़ मच गई। | जैसे ही जोर का धमाका हुआ वैसे ही लोगों में भगदड़ मच गई। |
| (xxii) आरक्षण कार्यालय बंद था अत: मैं आरक्षण नहीं करा सका। | चूँकि आरक्षण कार्यालय बंद था इसलिए मैं आरक्षण न करा सका। |
| (xxiii) चाँद निकला और धरती दूधिया रोशनी में नहा उठी। | जैसे ही चाँद निकला वैसे ही धरती दूधिया रोशनी में नहा उठी। |
| (xxiv) संगीत के कार्यक्रम में बिजली गई और लोगों में भगदड़ मच गई। | संगीत के कार्यक्रम में ज्यों ही बिजली गई त्यों ही लोगों में भगदड़ मच गई। |
| (xxv) वह सबसे कमज़ोर था, फिर भी उसने सबसे ज़्यादा काम किया। | यद्यपि वह सबसे कमज़ोर था तथापि उसने सबसे ज़्यादा कार्य किया। |
| (xxvi) आकाश में बादल छाए और जोरदार वर्षा होने लगी। | जब आकाश में बादल छाए तब जोरदार वर्षा होने लगी। |
| (xxvii) उसने स्कूल जाते बच्चों को सड़क पार करते हुए देखा और कार रोक दी। | जैसे ही उसने स्कूल जाते बच्चों को सड़क पार करते हुए देखा, उसने कार रोक दी। |